# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024




# पहले चरण में खाली रह गईं 50% सीटें तो फिर से मांगी अर्जी, एम-फार्मा में महज 71 ने दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फॉर्मेसी पाठ्यक्रम से युवाओं का मोह भंग होते जा रहा है। पहले चरण में 60 फीसदी से अधिक सीटें रिक्त रह जाने के बाद दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए आवेदन छात्रों से मंगाए गए, लेकिन दूसरे चरण में आवेदन करने वाले छात्रों का ही टोटा पड़ गया। हालात ये हैं कि दूसरे चरण में एमफार्मा पाठ्यक्रम का अध्यापन करने सिर्फ 71 विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है। दूसरे चरण के लिए आवेदन 27 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। मेरिट लिस्ट जारी करने सहित प्रवेश व अन्य प्रक्रियाएं सोमवार से प्रारंभ होंगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों की 11 हजार 626 सीटें हैं। इनमें से बीफार्मा और डीफार्मा की 9 हजार 509 सीटें हैं। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 1488 सीटें हैं। एमफार्मा में सबसे कम 629 सीटें हैं। इतने कम संख्या में सीटें होने के बाद भी विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं। इंजीनियरिंग के बाद प्रदेश में फार्मेसी दूसरा पाठ्यक्रम है, जिसके लिए विद्यार्थी नहीं मिल रहे हैं।

- 27 अक्टूबर तक मांगे थे आवेदन, फॉर्मेसी में इस बार नहीं मिल रहे हैं विद्यार्थी
- प्रदेश में 11 हजार 626 सीटें, अब तक सिर्फ 4 हजार 822 में ही दाखिले



### किए गए हैं बदलाव

अन्य पाठ्यक्रमों की तरह फार्मेसी पाठ्यक्रम में भी बदलाव किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ये परिवर्तन हुए हैं। हालांकि अन्य कोर्स की तुलना में इसमें कम बदलाव हुए हैं। चूंकि अभी तक सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर सकी हैं, ऐसे में नियमित कक्षाएं दीपावली के बाद ही प्रारंभ होने की संभावना है। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा भी दिसंबर के स्थान पर अगले वर्ष के शुरुआती माह में होगी।

### प्रथम चरण में ऐसी थी स्थिति

प्रथम चरण में बीफार्मा और डीफार्मा की 4 हजार 247 सीटें ही भर सकी थीं, जो सीट संख्या की आधी भी नहीं है। इसी तरह से बीफार्मा लेटरल एंट्री के जरिए 438 प्रवेश ही हुए। एमफार्मा में 438 विद्यार्थियों ने दाखिले लिए। कई महाविद्यालय ऐसे भी रहे, जहां एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के तहत 29 अक्टूबर को आवंटन लिस्ट जारी होगी। जबकि 4 से 11 नवंबर तक प्रवेश होंगे। दूसरे चरण के लिए सबसे कम आवेदन एमफार्मा में मिले हैं। इसके लिए सिर्फ 71 छात्रों ने आवेदन किया है। बीफार्मा और डीफार्मा के लिए 1 हजार 435 ने फॉर्म भरे हैं। बीफार्मा लेटरल एंट्री के लिए 75 आवेदन मिले हैं।

## खबर संक्षेप



### बिरगांव में सीएम और गृहमंत्री का पुतला दहन

**रायपुर**। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर कांग्रेस रायपुर द्वारा बिरगांव ब्यास तालाब चौक पर रविवार को मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने सभी जिला मुख्यालयों में, रायपुर जिला ग्रामीण के पदाधिकारियों ने बिरगांव स्थित व्यास तालाब के पास पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश की सरकार कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही है। प्रदेश के गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध में नारे लगाए। इस दौरान पुलिस ने पुतले छीनने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेसी पुतले जलाने में सफल रहे। पुतला दहन कार्यक्रम में बिरगांव महापौर नंदलाल देवागन, अध्यक्ष ब्लॉक योगेंद्र सोलंकी, उबरन दास, रानी गोस्वामी, सिन्हा दिलदार, राजेंद्र मिश्रा, जिया फारूकी, बाबा खान, दाऊलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

### औसतन दो दिन में एक चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे बदमाश

# शहर और आसपास 27 दिनों में चोरी की 14 बड़ी वारदातें, दुकान-घरों में लगाई सेंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लूट, हत्या जैसी गंभीर वारदातों को सुलझाने वाली पुलिस चोरों के सामने बेबस नजर आ रही है। शहर में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं। महज कुछ मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस चोरों के कब्जे से माल बरामद कर पाती है। बड़ी चोरी की घटनाओं में शामिल चोर अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। राजधानी के आउटर के साथ शहरी थाना क्षेत्रों में 27 दिनों के भीतर 14 बड़ी चोरियों की वारदातें हुई हैं। इन चोरी की घटनाओं में शामिल चोरों ने कैश, सोने-चांदी के जेवर सहित 21 लाख रुपए के ज्यादा के सामान पर हाथ साफ किया है।

पुलिस से मिले डाटा के मुताबिक, लोगों के घरों में धावा बोलकर चोरों ने दो दर्जन के करीब चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनमें 14 चोरी की घटनाओं में चोर एक लाख रुपए से ज्यादा कैश समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटनाओं को सुलझाने संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम जांच कर रही है। बावजूद इसके बड़े मामले के आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### बदमाशों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस अफसर पुराने बदमाशों की हिस्ट्री खंगालने के साथ ही उनके लोकेशन को ट्रेस कर रही है। साथ ही इस बात की जानकारी जुटा रही है कि हाल के दिनों में चोरी के प्रकरण में जेल में बंद बदमाश जेल से कब छूटे हैं। बड़ी चोरी की घटनाओं को सुलझाने पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम पुराने शातिर चोरों को तलब कर पूछताछ कर रही है।

### एक ही रात में दो दुकानों के ताले टूटे

सेजबहार थाना क्षेत्र के डूंडा में चोरों ने चार दिन पूर्व दो दुकानों का ताला तोड़ एक लाख रुपए से ज्यादा कैश सहित अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी की घटना को 22-23 अक्टूबर की दरमियानी रात अंजाम दिया गया था। इसी तरह गोलबाजार थाना क्षेत्र में चोरों ने फौवारा चौक स्थित प्रदीप अग्रवाल की दुकान पर शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात दुकान से लगी धर्मशाला की खिड़की का शीशा तोड़ छत के दुकान में प्रवेश किया और कैश एक लाख 60 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

**केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसर के घर पांच लाख की चोरी, चोरों का अब तक पता नहीं**





### स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका

पुलिस के अनुसार, अब तक चोरी के जो मामले सामने आए हैं, उनमें ज्यादातर मामलों में स्थानीय चोरों के शामिल होने की आशंका है। क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक, चोरी के मामलों की पड़ताल की जा रही है। कई चोरी के मामलों में पुलिस अफसर ने चोरों के बारे में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने के दावा किया है।

### अफसर के घर पांच लाख की चोरी, अब तक सुराग नहीं

सेजबहार थाना क्षेत्र के कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज जैसी हाईप्रोफाइल कॉलोनी में रहने वाले केंद्रीय गृहमंत्रालय के अफसर प्रवीण कुमार सिवान के सूने मकान में हुई चोरी की घटना को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। प्रवीण ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था। इस दौरान अज्ञात चोर उसके सूने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, नकदी समेत पांच लाख रुपए के ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

# महज चार हजार रुपए लेन देन के विवाद पर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- उपचार के दौरान हुई मौत
- घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र की

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में महज चार हजार रुपए लेन-देन के विवाद पर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना चार दिन पूर्व 24 अक्टूबर की है। आरोपी ने मृतक की बहन को पैसे नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के बाद आरोपी ने रास्ता रोककर युवक पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया था।

पुलिस के मुताबिक, रमेंद्र निषाद की हत्या के आरोप में भीमा सारथी को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की बहन युक्ति ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को शाम छह बजे भीमा उनके घर आया और युक्ति को उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी थी। धमकी देने के एक घंटे बाद युक्ति को जानकारी मिली कि उसके भाई को भीमा ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जानकारी मिलने के बाद उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान रमेंद्र की मौत हो गई।

### अनिल को पीएचडी की उपाधि



**रायपुर**। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के दीक्षांत प्रांगण में 16 अक्टूबर को हुआ। कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र अनिल कुमार शुक्ला को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। श्री शुक्ला ने 'बघेलखण्ड की पत्रकारिता में लोकजीवन : एक अध्ययन' विषय पर अपना शोधकार्य संपन्न किया है। वे वर्तमान में रायपुर में रहते हुए छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश के एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं।

### ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल छग का नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल घोषित



**रायपुर**। ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल को प्रतिष्ठित एजुकेशन वर्ल्ड मैगजीन द्वारा छत्तीसगढ़ के नंबर 1 को-एजुकेशनल डे स्कूल के रूप में मान्यता दी गई है। यह पुरस्कार न केवल इसे राज्य का शीर्ष स्कूल बनाता है, बल्कि रायपुर का भी नंबर 1 स्कूल घोषित करता है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग दुनिया की सबसे बड़ी और गहन स्कूल रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण है, जिसमें देशभर के 8,500 से अधिक विशेषज्ञों से साक्षात्कार कर यह रैंकिंग दी जाती है। दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में स्कूल की प्रधानाचार्या, जयश्री नायर और उप-प्रधानाचार्या, नेहा सेठी ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

**एसी ब्लास्ट मामला**

# शार्ट पीएम में पुष्टि- दम घुटने से हुई दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट की घटना में संचालक आरिफ मंजूर खान तथा ऑफिस स्टाफ मुस्कान की मौत दम घुटने की वजह से होने की पुष्टि शार्ट पीएम की रिपोर्ट में हुई है। घटना के दूसरे दिन फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम दूसरी बार घटनास्थल की जांच करने पहुंची।

गौरतलब है कि देवेंद्र नगर सेक्टर-1 में एसी ब्लास्ट की घटना हुई थी। जिस बिल्डिंग में यह घटना हुई थी, उसके नीचे के माले पर कोचिंग सेंटर संचालित था। एसी से आग निकलते देख आरिफ ने कोचिंग में पढ़ने आए बच्चों को सुरक्षित निकल जाने के लिए कहा। इसके बाद आरिफ अपने स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकालने अपने ऑफिस के अंदर दाखिल हुआ। उसी समय ऑटोमैटिक डोर तथा खिड़की लॉक हो गए और एसी में धमाके के साथ विस्फोट हो गया। एसी ब्लास्ट होने की वजह से आरिफ तथा मुस्कान झुलस गए। आशंका जताई जा रही थी कि दोनों की मौत झुलसने से हुई होगी, लेकिन शार्ट पीएम रिपोर्ट में दोनों की मौत दम घुटने से होने की पुष्टि की गई है।


ऑटोमेशन आर्ट के दफ्तर में एसी ब्लास्ट, संचालक समेत दो की मौत

- शनिवार देर शाम शार्ट सर्किट से एसी में हुआ था विस्फोट
- बिल्डिंग में नहीं था फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम

### बिल्डिंग में होम्योपैथिक क्लीनिक भी

देवेंद्र नगर के सेक्टर-1 में जिस बिल्डिंग में एसी ब्लास्ट की घटना हुई। वह बिल्डिंग एक गलीनुमा जगह पर स्थित है। पुलिस के अनुसार, यह तीन फ्लोर की कमर्शियल बिल्डिंग है, जहां होम्योपैथिक क्लीनिक के अलावा कोचिंग सेंटर तथा ऑटोमेशन आर्ट का ऑफिस संचालित है।

### मकान मालिक को नोटिस देने की तैयारी

बिल्डिंग के अंदर दाखिल होने गलीनुमा एक संकरा रास्ता है। इसके अलावा बिल्डिंग में किसी भी तरह के फायर एक्जेस्टिंग सिस्टम नहीं है। इसे देखते हुए एएसपी सिटी लखन पटले ने मकान मालिक को नोटिस देने की बात कही है।

### केंद्रीय मंत्रालय की सलाहकार समिति में बृजमोहन

**रायपुर**। सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा गठित कोयला मंत्रालय और खान मंत्रालय की सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में इस बात की जानकारी दी गई है। आदेश के मुताबिक, केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी को समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। श्री अग्रवाल को प्राक्कलन समिति के साथ ही लोकसभा की कैमिकल्स एवं फर्टिलाइजर कमेटी तथा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल की स्थाई समिति का पहले ही सदस्य बनाया जा चुका है।

# राजधानी की तर्ज पर अब रायगढ़ में भी बनेगा नालंदा परिसर, एनटीपीसी से 42.56 करोड़ का एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायगढ़ में नालंदा परिसर के निर्माण के लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42.56 करोड़ के मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह नालंदा परिसर हमारी नई पीढ़ी के विकास और रायगढ़ को एजुकेशन हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। रायगढ़ को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाना हम सबका सपना है, जिसमें आने वाली पीढ़ी का सक्रिय योगदान होगा और नालंदा परिसर इसके लिए मजबूत बुनियाद तैयार करने का कार्य करेगा। एनटीपीसी के सहयोग से नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर की स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने ज्ञान आधारित समाज के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि आने वाला समय ज्ञान पर आधारित होगा। रायपुर में जब से नालंदा परिसर बना, तब से वहां पूरे शहर के छात्र-छात्राएं वहां पढ़ने आते हैं। रे प्रदेश में 22 नालंदा परिसर निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

- एनटीपीसी के सहयोग से किया जाएगा निर्माण

*लाइब्रेरी में होंगी ये सुविधाएं : नालंदा परिसर लाइब्रेरी 24/7 स्टडी जोन होगा, जहां 500 से अधिक बच्चे एक साथ पढ़ सकेंगे। 25 हजार किताबों के संग्रह के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ई-बुक एक्सेस करने की भी सुविधा होगी। तीन कॉन्फ्रेंस हॉल के साथ कैफेटेरिया भी होगा। सिविल सर्विसेज के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग, क्लैट की तैयारी के साथ मैथ्स ओलिंपियाड के लिए भी किताबें यहां होंगी। कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन होगा। 100 से अधिक कंप्यूटर के साथ इंटरनेट के लिए वाई-फाई की सुविधा भी छात्रों को यहां मिलेगी। 5वीं के बाद बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए तैयारी के लिए एक किड्स स्टडी जोन भी अलग से तैयार होगा। जहां उनके सिलेबस के अनुसार किताबें और स्टडी मटेरियल उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम को नेताप्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी व सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य शेख सलीम नियारिया, रमेश भगत, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी, ईडी एनटीपीसी अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।*

# बाजारों और प्रमुख मार्गों की सफाई दो पालियों में कराने निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- त्योहारी सीजन में रात को निगम कर्मचारी सड़कों से उठा रहे कचरा
- जोन गैंग के साथ सेंट्रल गैंग की टीम सफाई में करेगी मदद

शहर के व्यावसायिक इलाकों, बाजार क्षेत्रों सहित प्रमुख मार्गों को साफ-सुथरा रखने निगम प्रशासन अब दो पाली में सफाई कराने जा रहा है। इस कार्य में संबंधित जोन की जोन गैंग और निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग की टीम लगाई जाएगी, ताकि दीपावली त्योहार के दौरान नियमित रूप से कूड़ा-करकट का समय रहते परिवहन हो सके। मालवीय रोड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार सहित अन्य इलाकों में सुबह के अलावा रात्रिकालीन सफाई की व्यवस्था बनाने की तैयारी है।

दीपावली त्योहार के समय व्यावसायिक इलाकों व बाजारों में निकलने वाले कचरे की बहुतायत देखते हुए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग पखवाड़ेभर अब दो पाली में सफाई पर फोकस कर रहा है। निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि नगर निगम जोन 2, जोन 4 और जोन 7 क्षेत्र स्थित व्यावसायिक इलाके और प्रमुख मार्गों सहित प्रमुख बाजारों की सफाई पर विशेष ध्यान देने संबंधित जोन के जेडएचओ को निर्देशित किया गया है कि सुबह और देर शाम सफाई मित्रों की मदद से दो पाली में सफाई कराई जाए।

इसके लिए प्रत्येक जोन में 15 सफाई कर्मचारियों को जोन गैंग के रूप में रखा गया है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर संबंधित जोन की मांग पर सफाई कार्य में सहयोग करने सेंट्रल गैंग से भी सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### 10 जोन में प्लेसमेंट से 150 सफाईकर्मी

नगर निगम के दस जोन में 150 सफाई कर्मचारी जोन गैंग के नाम पर प्लेसमेंट में रखे गए हैं। इसी तरह निगम मुख्यालय की सेंट्रल गैंग टीम अलग से है, जिसमें 43 सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से 11 सफाई कर्मचारी की ड्यूटी वीआईपी इलाके की साफ-सफाई के लिए सुरक्षित है, जबकि 32 कर्मचारियों को बड़े आयोजनों सहित जोन स्तर पर सफाई की आवश्यता पड़ने पर उपलब्ध कराया जाता है।

# मॉडल स्टेशन में होंगी आधुनिक सुविधाएं, वायु और ध्वनि प्रदूषण से भी मिलेगी राहत, मशीन से जांच करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में रायपुर और दुर्ग स्टेशन का मॉडल स्टेशन के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा। विभिन्न चरणों में यह कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। रेलवे गुढ़ियारी की तरफ कई पुरानी बिल्डिंग में तोड़फोड़ शुरू कर चुका है। सामने की ओर जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। रविवार को स्टेशन पुनर्विकास कर रही ठेका कंपनी ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की मशीन के जरिए जांच की। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि मॉडल स्टेशन पर यात्रियों को केवल आधुनिक सुविधाएं ही नहीं, बल्कि ध्वनि और वायु प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में स्टेशन परिसर का शोर मापदंड से अधिक है। वायु में ही धूल और राख अधिक पाई गई है। मॉडल स्टेशन को इस तरह विकसित किया जाएगा कि ध्वनि और वायु अपने मापदंड से अधिक न हों। मशीन के जरिए सैंपल लिया गया है, जिसकी लैब जांच होगी। ठेका कंपनी का कहना है कि एयरपोर्ट पर अत्यधिक शोर सुनाई नहीं देता, इसके पीछे बिल्डिंग की बनावट होती है, जिससे आवाज कानों में चुभती नहीं है।



*74 टॉयलेट और 12075 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेल्टर : रायपुर स्टेशन का मेजर री-डेवलपमेंट लगभग 482.48 करोड़ का है। स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्था होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ ,10 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 300 किलोवाट पॉवर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 26 कोच इंडिकेशन बोर्ड, 74 टॉयलेट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवरब्रिज, 40 वाटर कूलर, 42 लिफ्ट, 3512 स्क्वायर मीटर पार्सल एरिया, 12075 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 10 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 16 एस्केलेटर लगाए जाने हैं।*

### बस्तर-छत्तीसगढ़ आर्ट से सजेगा स्टेशन

स्टेशन में रिजर्व लॉज, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन हब, कोनकोर्स एरिया, बस्तर छत्तीसगढ़ी आर्ट से सुसज्जित होगा। रायपुर स्टेशन विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं से उन्नत होगा। वर्तमान समय में रायपुर स्टेशन पर लगभग 50 हजार यात्रियों का आवागमन होता है। भविष्य में यात्रियों की संख्या और बढ़ने को देखते हुए स्टेशन डेवलपमेंट में यात्री सुविधाएं उन्नत की जा रही हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जाएंगे। रायपुर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिए आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही उन्हें यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा।

# दिसंबर माह से 14 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- 1.25 लाख आबादी को मिलेगी राहत, प्रति मिनट 5 लीटर पानी मिलेगा

राजधानी के 14 वार्डों में दिसंबर माह से लोगों को 24 घंटे शुद्ध पानी मिलने लगेगा। प्रति मिनट 5 लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के इस पायलट प्रोजेक्ट से शहर की 1.25 लाख आबादी को राहत मिलेगी। प्रयोग सफल रहा तो शहर के अन्य वार्डों में भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा। राजधानीवासियों को पीने का साफ पानी 24 घंटे उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने एबीडी एरिया के 14 वार्डों को चिन्हांकित कर वहां पॉयलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को पूरा करने कोल्हापुर की लक्ष्मी सिविल इंजीनियर कॉर्पोरेशन को जिम्मा दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी ने मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 160 किलोमीटर की नई पाइपलाइन संबंधित क्षेत्र में बिछाई है। साथ ही पानी की खपत जांचने 22 हजार स्वचालित वाटर मीटर निशुल्क लगाए जा रहे हैं। इनमें से अब तक 14 हजार वाटर मीटर लगाने का काम अनुबंधित एजेंसी ने पूरा कर लिया है, जबकि 7 हजार वाटर मीटर लगाने का काम बाकी है।

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

14 अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से ...


13 यातायात नियमों का उल्लंघन करते फंसे 72 वाहन ...







## खबर संक्षेप

### चिंगरी में कन्हारपुरी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम 5 को

**अंडा।** दीपावली के अवसर पर ग्राम चिंगरी में सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 5 नवंबर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर कन्हारपुरी राजनादगांव वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी समिति के भूषण देशमुख एवं अनुराग दिल्लीवार ने दी।

### दुपचेरा में डांस स्पर्धा एक नवंबर को

**गुरुर।** ग्राम दुपचेरा में आदिवासी युवा मंडल द्वारा रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 1 नवंबर को रखा गया है। जानकारी समिति के संयोजक रामू मरकाम रूपेश नेताम ईश्वर पडोटी योगेश्वर नेताम ने बताया कि सामूहिक डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये रखा गया है। एकल डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रखा गया है।

सुबह 10:30 बजे से रात 8 बजे तक प्रमुख मार्गों पर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

# तीन दिन तक शहर के व्यस्ततम मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज से तीन दिनों तक शहर के व्यस्ततम मार्गों पर भारी मालवाहकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सुबह 10:30 बजे से रात 8 बजे तक शहर के घड़ी चौक से सदर रोड होते हुए बुधवारी बाजार तक, वहीं मधु चौक से लेकर मरार पारा होते हुए हलधर नाथ चौक व बुधवारी बाजार तक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस तरह इन मार्गों पर सुबह 10 बजे तक और रात में 8 बजे के बाद ही मालवाहकों को प्रवेश दिया जाएगा।

- मधु चौक से लेकर मरार पारा होते हुए हलधर नाथ चौक व बुधवारी बाजार तक

घड़ी चौक से सदर रोड होते हुए बुधवारी बाजार तक



वैसे तो चार पहिया वाहन कार को भी इन क्षेत्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, लेकिन कई लोग इन क्षेत्रों में अपना मकान होना बताकर गाड़ी को भीड़-भाड़ वाली जगह से होकर ले जाते हैं, जिससे खरीदारी करने के लिए पहुंचने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भीड़ वाले इलाके में चार पहिया वाहन कार को प्रवेश करने से रोकने में ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मी असफल हो जाते हैं, क्योंकि कार मालिकों द्वारा वाद विवाद करते हुए बड़े अधिकारियों के साथ संबंध होने का धौंस दिखाकर काफी समय लगा देते हैं। इससे आम जनता को ही परेशानी होती है। ऐसे में पुलिस भी इन पर नियम का पालन कराने में असफल नजर आते हैं।

### सड़क किनारे दुकान ग्राहकों को रखनी होगी सावधानी

दीपावली पर्व दो दिन शेष है, आज धनतेरस है। जिला मुख्यालय के तमाम व्यस्ततम मार्गों पर विभिन्न ग्रामों से छोटे छोटे व्यापारी सड़क किनारे व्यवसाय करने फूल, माला, मिठाई दुकान, रंगोली, दीया, लक्ष्मी माता की मूर्ति, लाइटिंग दुकान सहित अन्य दुकानें लगाते हैं। ऐसे में यहां सामान खरीदने पहुंचने वाले बाइक व कार सवार ग्राहकों को सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि सड़क पर जाम लगने से उन्हीं को परेशानी होगी। वहीं, गाड़ी को धीमी गति से ही चलाना होगा।

# ग्राम खर्रा में ट्रैक्टर ट्रॉली की चोरी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम खर्रा में ट्रैक्टर ट्रॉली की चोरी हो गई है। अज्ञात चोर ट्रॉली चोरी कर फरार हो गया है। गुरुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम खर्रा निवासी ललित कुमार साहू ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक सीजी 04 जेजी 0964 को हमेशा वह अपने घर के सामने खड़ा करता था, जिसे गांव के नोहर ठाकुर नवरात्रि के समय दयाल सिंह निषाद की पत्नि का स्वर्गवास हो जाने से लकड़ी, छेना ले जाने के लिए मांगकर ले गया था। उन्होंने मेरे घर के सामने खड़ा नहीं कर आबादी पारा में साहू कृषि केन्द्र के पास सड़क किनारे खड़ा किया था। उक्त ट्राली को वह 24 अक्टूबर की सुबह 09 बजे देखकर काम में चला गया और जब 26 अक्टूबर की सुबह 7 बजे देखा, तो उक्त ट्राली वहां नहीं थी। कोई अज्ञात चोर द्वारा उक्त ट्राली को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100






**खबर संक्षेप**

### गायत्री ज्ञान परीक्षा में साढ़े 12 हजार छात्र हुए शामिल

**दुर्ग।** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण भारत में संपन्न होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष अपने जिले से 12735 छात्र शामिल हुए। ज्ञातव्य है कि, इस वर्ष 192 स्कूल कॉलेजों ने भाग लिया, जिसमें सर्वाधिक छात्र संख्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय बोरी से 297 छात्र थे। दुर्ग शहर में सर्वाधिक छात्र केंद्रीय विद्यालय से 285 छात्र शामिल हुए। दीप शिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई से 292 छात्र बैठे और कॉलेज स्तर पर सर्वाधिक छात्र विश्वनाथ यादव तमस्कर विज्ञान महाविद्यालय से 120 छात्र बैठे। दुर्ग भिलाई क्षेत्र से स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको, महिला महाविद्यालय भिलाई, बीआईटी, कन्या महाविद्यालय दुर्ग, देव संस्कृत महाविद्यालय खपरी, स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज भिलाई, आदि के छात्र शामिल हुए। समिति के महासचिव धीरज लाल टांक ने बताया कि, इस परीक्षा के सफल आयोजन में सर्वाधिक योगदान राज्य सचिव सहित सभी जिलों के डीईओ, बीएलओ, प्राचार्यों व शिक्षकों का भरपूर योगदान निरंतर मिलता है।

### डॉ पाणिग्रही स्वच्छता वीर से सम्मानित

**दुर्ग।** इस्पात नगरी भिलाई स्थित कला निकेतन के भव्य सभागार में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के आयोजन में प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय की अध्यक्षता एवम दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के विशेष आतिथ्य में स्वच्छता वीर सम्मान का आयोजन किया गया। इस कड़ी मे स्वच्छता दूत, स्वच्छता सेनानी, स्वच्छता चैंपियन, ओडीएफ मैन सहित विभिन्न सम्मान से नवाजे गए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक रीकेश सेन एवं अतिथियों ने स्वच्छता वीर सम्मान प्रदान किया गया।

### दो पिकअप आपस में टकराई, तीन गंभीर

**भिलाई।** दो पिकअप वाहन आपस में टकरा जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। आसपास के लोगों ने ठोकर मारने वाले चालक को दौड़कर पकड़ लिया। मिली जानकारी के मुताबिक दशगात्र कार्यक्रम से लौट रहे पिकअप वाहन में 25 लोग सवार थे। जिसमें सामने आ रही है पिकअप वाहन जोर ठोकर मार दिया। घटना में दोनों पिकअप वाहन के चालकों को चोटे आई है। हादसा आईआईटी भिलाई के पास की है। ठोकर से पिकअप वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में 8 लोग घायल है। जिसमें 3 की हालत गंभीर है। खबर लिखे जाने तक घायल का शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### बोर्ड के परिणाम को मजबूत करने होगी परख परीक्षा

**दुर्ग।** बोर्ड परीक्षा के परिणाम को मजबूत करने अब शिक्षा विभाग द्वारा लोकल क्लास के बच्चों की दक्षता की परख की जाएगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता जांचने के लिए शासन ने एक नए कार्यक्रम परख की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सरकारी स्कूलों में कक्षा तीसरी, छठवीं और 9वीं में पढ़ने वाले बच्चों की तीन विषय को लेकर परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा चार दिसंबर को होनी है। इससे पहले जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को इसके लिए तैयार किया जाएगा। बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार करने से पहले ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि, नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने के बाद कई तरह के बदलाव शिक्षण प्रणाली में देखने को मिली है। इसी में से एक हर साल दिसंबर में आयोजित होने वाली नेशनल अचीवमेंट परीक्षा है, जिसे अब परख कार्यक्रम का नाम दिया गया है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की दक्षता का आंकलन करने के लिए देशभर में आगामी तीन दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# सात सौ बिस्तर का नया अस्पताल बनाने दिवाली पर मिलेगा 85 करोड़ की पहली किस्त का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में उपचार सुविधा के विकास के लिए सात सौ बिस्तर के नए अस्पताल भवन निर्माण के लिए दिवाली में 85 करोड़ की पहली किस्त उपहार के रूप में मिलने के आसार हैं। तीन सौ करोड़ की योजना के तहत एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए नाबार्ड द्वारा राशि को मंजूरी दी गई।

माना जा रहा है कि दिवाली के बाद इस राशि के उपयोग से प्रस्तावित स्थल में खड़े पुराने हॉस्टल के तोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी तय करने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई और उनके नेतृत्व में ही भवन निर्माण का काम पूरा किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, यह पूरा प्रोजेक्ट करीब 325 करोड़ का है, जिसमें भवन निर्माण से लेकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुपर स्पेशलिटी सुविधा दिलाना है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाई गई इस योजना को वर्तमान सरकार द्वारा बजट में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद बड़ी रकम की व्यवस्था के लिए नाबार्ड द्वारा मदद ली गई है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि योजना के तहत पहली किस्त को मंजूरी दे गई है और इसके दिवाली के पहले अथवा तुरंत बाद रिलीज किए जाने की संभावना है। माना जा रहा है कि एकीकृत अस्पताल की योजना काफी बड़ी है और इसे पूर्ण करने में काफी वक्त लगने की संभावना है।

## नाबार्ड द्वारा मंजूर की गई है एकीकृत अस्पताल निर्माण के लिए राशि

### ऑडिटोरियम के पिछले हिस्से में भवन

प्रस्तावित नए एकीकृत अस्पताल भवन के लिए जिस जर्जर हॉस्टल के चिन्हित किया गया है, वह मेडिकल कॉलेज सभागार के पिछले हिस्से में है। विभिन्न उतार-चढ़ाव के साथ हॉस्टल भवन की जगह अस्पताल बनाने की योजना को हरी झंडी दी गई है। प्रस्तावित अस्पताल स्थल तक आम लोगों की पहुंच बनाने के लिए मार्ग बनाने की योजना को भी हरी झंडी दी गई है।




### ओवरलोड अस्पताल के विस्तार की जरूरत

सात सौ बिस्तर के सेटअप में चल रहे आंबेडकर अस्पताल में अभी 14 सौ मरीजों का इलाज किया जा रहा है। यहां बढ़ रही मरीजों की संख्या और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भवन विस्तार की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। आवश्यकता का ध्यान रखते हुए बनाए जाने वाले नए भवन में सेंट्रलाइज एसी के साथ उन सब सुविधाओं का प्रावधान किया गया है, जो पुराने भवन में नहीं हैं।

## प्लाट का ज्यादा, मकान का कम क्रेज

# त्योहार के लिए रीयल एस्टेट भी तैयार आसान कर्ज ने मध्यम वर्ग को रिझाया

■ ज्यादा कीमत वाले मकान और प्लाट पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

त्योहारी सीजन में अब रीयल एस्टेट में बूम आ गया है। लोग धनतेरस, दीपावली के लिए मकान और प्लाट की लगातार बुकिंग करा रहे हैं। मकानों से ज्यादा प्लाट का क्रेज है। खासकर मध्यम वर्ग प्लाट में पैसे लगाना ज्यादा पसंद कर रहा है। वैसे निवेश करने वाले भी महंगे प्लाट में निवेश कर रहे हैं। मध्यम वर्ग अब थोड़े महंगे मकानों की तरफ भी आकर्षित हुआ है। इस समय आसानी से मकानों के लिए 90 फीसदी तक ऋण मिलने के कारण मध्यम वर्ग के लोग भी 40 से 50 लाख तक के मकान खरीद रहे हैं। धनतेरस से लेकर दीपावली तक प्रदेश में हजार करोड़ का रीयल एस्टेट का कारोबार होने की संभावना है। लोगों को खरीदी के लिए त्योहारी सीजन में नवरात्रि, धनतेरस और दीपावली का बड़ा इंतजार रहता है। इनमें लोग मकान भी खरीदते हैं। नवरात्रि में भी लोगों से मकान लिए हैं। इसके बाद कुछ मकान पुष्य नक्षत्र में भी बिके, लेकिन अब लोगों ने धनतेरस और दीपावली के लिए मकानों के साथ प्लाट की भी बुकिंग कराई है। मकानों की तुलना में प्लाट की बुकिंग ज्यादा हुई है। प्रदेशभर में डेढ़ सौ के आसपास मकान ही बुक हुए हैं, वहीं तीन सौ से ज्यादा प्लाट की बुकिंग हो गई है।



### हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

*बिल्डरों के मुताबिक, रीयल एस्टेट में सालभर में 15 हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार होता है। इसमें से आसानी से आठ से दस फीसदी तक का कारोबार धनतेरस और दीपावली में हो जाता है। संभावना है कि प्रदेश में हजार करोड़ का कारोबार आसानी से हो जाएगा। इसमें जहां चार सौ करोड़ के आसपास मकान बिकेंगे, वहीं छह सौ करोड़ के प्लाट बिकेंगे। इस कारोबार में गृह निर्माण समिति और आरएडीए का भी हिस्सा शामिल रहेगा। राजधानी के बिल्डर शैलेश वर्मा और विजय नत्थानी का कहना है कि जिस तरह से मकानों और प्लाट की बुकिंग हो रही है, उससे लग रहा है कि इस बार अच्छा कारोबार होगा।*

### महंगे प्लाट और मकान खरीदने में दिलचस्पी

बिल्डरों का कहना है कि इस समय महंगे मकान के साथ महंगे प्लाट का क्रेज बढ़ गया है। पैसे वाले और निवेश करने वाले जहां एक करोड़ से ज्यादा कीमत वाले बंगले खरीद रहे हैं, वहीं अब मध्यम वर्ग भी 40 से 50 लाख वाले मकान खरीदने में रुचि दिखा रहा है। हालांकि मध्यम वर्ग की ज्यादा पसंद प्लाट है, क्योंकि अगर किसी कारणवश प्लाट का उपयोग नहीं कर पाते हैं तो उसको बेच देते हैं, लेकिन मकान को बेचना आसान नहीं होता और इसकी कीमत में प्लाट की तुलना में कम फायदा होता है। मकान से ज्यादा प्लाट की कीमत में इजाफा होता है। प्लाट में भी जहां मध्यम वर्ग 20 से 30 लाख के प्लाट ले रहे हैं, वहीं अमीर वर्ग एक करोड़ से ज्यादा के प्लाट खरीद रहे हैं।

# राज्य सरकार से मांगेंगे राज्योत्सव का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ सरकार इस बार होने वाले राज्योत्सव में मुंबई के कलाकारों को बुलाकर करोड़ों रूपए खर्च करने वाली है। वहीं स्थानीय लोक कलाकारों को तवज्जो नहीं दी जा रही है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलनकारी इस बार राज्योत्सव पर होने वाले खर्च का हिसाब सरकार से मांगने की बात कह रहे हैं। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल दुबे, प्रभारी जीपी चंद्राकर और संयोजक जागेश्वर प्रसाद ने इस मामले में कहा है कि संगठन इस बार 25वें राज्य स्थापना दिवस को रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारवार्ता में कहा कि आंदोलनकारी संगठन ने 1 नवंबर वर्ष 2000 से राज्योत्सव मनाना शुरू किया। इसका अनुसरण प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी ने एक साल बाद किया, यानी सरकार द्वारा 2025 में रजत जयंती मनाई जाएगी। वहीं संघर्ष समिति ने पहले साल से इसका शुभारंभ किया, इसलिए हम राज्योत्सव को रजत जयंती के रूप में इस साल 23 अक्टूबर से प्रदेशभर में मना रहे हैं। रथयात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच जाने के साथ लोक कलाकारों को भी मंच दे रहे हैं। 1 नवंबर को रायपुर के जयस्तंभ, कालीबाड़ी, लाखेनगर, स्टेशन चौक, शास्त्री चौक, कलेक्ट्रेट चौक, भगत सिंह चौक सहित 10 चौक-चौराहों पर रात में आतिशबाजी भी करेंगे। इसमें संगठन से जुड़े सभी कलाकार, सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

■ रजत जयंती पर 10 चौराहों पर आतिशबाजी

### शहीद संत कंवरराम साहेब का शहादत दिवस 1 को

**रायपुर।** संत कंवरराम नगर कटोरातालाब युवा परिषद के अध्यक्ष और संत कंवरराम सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि 1 नवंबर को अमर शहीद संत कंवरराम साहेब के शहादत दिवस पर संत कंवरराम चौक पर रात्रि 9.30 बजे महाआरती, 85 दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। और रात्रि 10 बजे 2 मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# भाजपा का सक्रिय और प्राथमिक सदस्यता अभियान अब 15 तक

## अब तक बने 51 लाख सदस्य, 60 लाख का लक्ष्य आसानी से पार करने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी है। दीपावली पर तीन दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का सोमवार को अंतिम दिन है। अभियान में पहले और दूसरे दिन बड़ी संख्या में सदस्य बनाए गए हैं।

इस समय सदस्यों की संख्या 52 लाख हो गई है। प्राथमिक सदस्यता अभियान की डेडलाइन 31 अक्टूबर है, लेकिन सक्रिय सदस्यता अभियान 15 नवंबर तक चलना है, ऐसे में फैसला किया गया है कि 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता अभियान भी चलता रहेगा। ऐसा होने से आसानी से 60 लाख का लक्ष्य पार हो जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में 2 सितंबर से सदस्यता अभियान प्रारंभ किया है। देशभर में दस करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो पूरा हो चुका है। प्रदेश भाजपा संगठन को पहले 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन यहां पर जिस रफ्तार से सदस्य बने हैं, उसको देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने रायपुर प्रवास में लक्ष्य को बढ़ाकर 60 लाख कर दिया था।



### चलता रहेगा अभियान

सक्रिय सदस्यता के साथ ही 15 नवंबर तक प्राथमिक सदस्यता अभियान भी चलाने का फैसला किया गया है।

- **अनुराग सिंहदेव**, प्रदेश संयोजक, सदस्यता अभियान समिति

### एक लाख सक्रिय सदस्य भी बनेंगे

*प्राथमिक सदस्यता अभियान पहले 16 अक्टूबर तक ही चलना था, लेकिन लक्ष्य प्राप्त न होने पर इसको सक्रिय सदस्यता अभियान के 16 अक्टूबर को प्रारंभ होने के बाद इसे 31 अक्टूबर तक चलाने का फैसला किया गया। अब फिर से इसकी तिथि में इजाफा किया गया है। सक्रिय सदस्यता के लिए एक लाख का लक्ष्य रखा गया है। इसमें जहां हर बूथ में चार-चार सक्रिय सदस्य बनाने हैं, वहीं हर मंडल में दो सौ सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है। सक्रिय सदस्यता के लिए यह जरूरी है कि जो भी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनना चाहते हैं, उनके लिंक से कम से कम 50 प्राथमिक सदस्य बनने चाहिए। इसके बाद मंडलों में सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन करना होगा। जिलों में जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी की अनुशंसा के बाद सक्रिय सदस्य बनेंगे।*

### डेढ़ दशक में शहर की दुर्गति के लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार



**रायपुर।** पिछले डेढ़ दशक में शहर की जो दुर्गति हुई है, उसके लिए कांग्रेस की सरकार जिम्मेदार है। स्मार्ट सिटी के फंड का दुरुपयोग खुलकर किया गया। बिना टेंडर शहर में काम कराए गए। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता के दौरान इस आशय के आरोप कांग्रेस पर लगाए। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा विकास और कांग्रेस विनाश के लिए कार्य करती है। उन्होंने कांग्रेस के दो पूर्व महापौर किरणमयी नायक और प्रमोद दुबे सहित वर्तमान महापौर एजाज ढेबर पर जनहित तथा विकास कार्य की अनदेखी का आरोप लगाया। पत्रकारों से चर्चा में नगर निगम के पूर्व पार्षद सुभाष तिवारी ने कहा कि भाजपा ने एक योग्य उम्मीदवार के रूप में सुनील सोनी को मैदान में उतारा है। सन 2000 से लेकर आज तक श्री सोनी शहर के विकास में एक सेतु का काम करते रहे हैं। महापौर के रूप में अपने पार्षद साथियों के साथ एक विजन के तहत रायपुर का समग्र विकास उन्होंने किया। तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का काम 15 साल में कांग्रेस के तीन महापौर मिलकर नहीं करा पाए। पत्रकारवार्ता को भाजपा पार्षद दल प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, पूर्व शहर जिला अध्यक्ष अशोक पांडे ने भी संबोधित किया।

# बलरामपुर कांड पर बोले बैज- राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलरामपुर के कोतवाली थाने में एनएचएम कर्मी की कस्टोडियल डेथ को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी 3 नवंबर को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन की की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पूरा छत्तीसगढ़ जल रहा है। पहले बलौदाबाजार, कवर्धा, फिर सूरजपुर और अब बलरामपुर, इन घटनाओं का जिम्मेदार आखिर कौन है? बलरामपुर 3 दिन तनाव में था। पीड़ित परिवार से दो घंटे चर्चा हुई। मृतक की मौत आत्महत्या नहीं, हत्या है। चार दिनों तक मृतक और पिता को बंद करके रखा गया था। बलरामपुर में हुई घटना को लेकर कांग्रेस ने उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में जांच की मांग की है।

### मामले की जांच हो रही : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर की घटना को लेकर कहा, महिला गायब हुई थी, उसके पति को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मामले पर जांच की जा रही है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान पर उन्होंने कहा, कांग्रेस के जो बड़े नेता हैं, उन्हें संयम से काम लेना चाहिए और कानून को अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। कानून है, सरकार है और कानून जो बोलेगा, उसी के आधार पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

## लोगों का आवागमन सुगम बनाने की कोशिश

# मार्केट में निगम की टीम कर रही गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धनतेरस, दीपावली, छठ आदि त्यौहार के कारण बाजारों में भीड़ भाड़ चल रही है। जिसको देखते हुए आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा नगर निगम भिलाई के राजस्व विभाग एवं तोड़फोड़ विभाग को निर्देशित किया गया है कि सभी प्रमुख बाजारों में नगर निगम भिलाई का दल गश्त करें। जिससे सड़क पर किसी प्रकार की आवागमन की बाधा ना हो। नगर निगम के भिलाई की टीम द्वारा मुनादी भी की जा रही है।

### इन बाजारों में टीम तैनात

सभी बाजारों में विशेष करके पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट, जनता मार्केट, लिंक रोड, जलेबी चौक, नंदिनी रोड, सुपेला अंडर ब्रिज से गदा चौक, हार्डवेयर लाइन, मसाला गली, रामनगर मार्केट, इत्यादि सभी जगह पर नगर निगम के राजस्व की टीम भ्रमण कर रही है।



### व्यवसायी पसरा बाहर न निकालें

सभी प्रमुख मार्केट में व्यापारियों से अपील की जा रही है कि अपने सामान को सड़क पर ना पसारे। अपने हद में रखें, पसारा लगाकर बेचने वाले को भी चेतावनी दी जा रही है। कहीं पर भी दुकान में लगावे, निर्धारित स्थल पर ही लगावे। इसके साथ ही खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों समझाइए दिया जा रहा है कि अपने गाड़ी को पार्किंग स्थल पर खड़ा करें। बाजार के अंदर ना ले जाएं। फटाका बेचने वाले व्यापारियों से भी अपील की जा रही है कि निर्धारित स्थल पर ही व्यापार करें।

### त्योहार के मद्देनजर निगम श्रमिकों के लिए राशि जारी

**भिलाई।** धनतेरस, दीपावली, छठ त्यौहार का अवसर देखते हुए, नगर निगम भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा नगर निगम भिलाई में उपलब्ध निगम मद से राशि जारी किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से एजेंसी के माध्यम से कार्यरत अस्थाई श्रमिकों, कंप्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छता दीदीयो, सफाई कामगारों, को भुगतान के लिए राशि 1, 09,96,556.00 रुपए, जोन कार्यालयो को पार्षद निधि, विधायक निधि, सांसद निधि, मूलभूत सुविधा, पेयजल व्यवस्था, खनिज न्यास मद, स्कूल जतन योजना मद की राशि 1,91,08,205 रुपए जारी किया गया। इसी प्रकार से मोर मकान मोर आस योजना के अंतर्गत 121 हितग्राहियों को उनके किस्त की राशि खाते में 53, 73, 029 रुपए का हस्तांतरण किया गया है जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो। सबको त्योहार के सीजन में भुगतान हो सके। आवश्यकता के अनुसार जो राशि उपलब्ध होगी उसमें से भुगतान की जाएगी।

# चोरी का सामान खपाने वाला एमपी से पकड़ाया, 50 लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रसमड़ा के डकैती और एनएसपीसीएल में हुए चोरी के सामानो को खपाने वाले को पुलिस ने एमपी से एक युवक को पकड़कर लाई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 395,411 01 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि अलीराजपुर एमपी राजाबाग हाल ही में इंदौरा निवासी राजेन्द्र कटार के पास से पुलिस ने सोना 60 तोला, चांदी 340 ग्राम एक नग सोने चांदी गलाने की मशीन, दो सोने चांदी तौल मशीन कुल 5 लाख रुपए का सामान पुलिस ने बरामद किया है। रसमड़ा निवासी दिलीप मिश्रा के यहां 7-8 जून की दरमियानी रात गनियारी रोड रसमड़ा में स्थित मकान दिलीप टिम्बर में अज्ञात पांच नकाबपोश मकान का दरवाजा तोड़कर पीड़ित और उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर उनके हाथ पैर बांध दिया। उसके बाद डकैतों ने बडे आराम से मकान का से 35 तोला सोना के जेवरात, नगदी 26 हजार, तीन घड़ी कुल 20 लाख रूपये का सामान लूटकर मौके से फरार हो गए थे।

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई गई। इस दौरान तीन डकैत जगदीश उर्फ काला भाया, भंगूडावर, नूरसिंह चौहान को धार एमपी से पकड़कर जेल तक पहुाया जा चुका है। इसके बाद जेवरात खरीदने वाले को पुलिस तलाश करती रही। सूचना पर पुलिस ने एसीसीयू व अंजोरा की टीम धार झाबुआ, अलीराजपुर एमपी में कैंप कराया गया था। जहां आरोपी राजेन्द्र कटार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान एएसपी सुखनंद राठौर और अभिषेक झा भी मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला - बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम भानपुरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पतला साहू पति स्व. थनेश कुमार साहू जाति तेली साकिन भानपुरी द्वारा आवेदिका के पति श्री थनेश कुमार साहू स्वास्थ विभाग के अंतग्रत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरनार तहसील कटकल्याण जिला दतेवाड़ा में सहायक चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान उनकी मृत्यु सेवा अवधि में दिनांक 20.07.2024 को हो चुका है। मृतक थनेश साहू के वैद्य वारिसान पुष्पलता साहू (पत्नी), रिशित कुमार साहू (पुत्र), उर्वी साहू (पुत्री) है, इसके अलावा अन्य वैद्य वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है। धनेश कुमार साहू की मृत्यु पश्चात उनके विभाग से प्राप्त होने वाली विभिन्न मदों की राशि, अनुकंपा नियुक्ति पेशन व अन्य सुविधाय प्राप्त करने हेतु वैद्य वारिसान प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। आवेदिका वैद्य वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय किये के जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय बालोद को प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुरूर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30/10/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति - दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा !

आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**गुरूर, जिला - बालोद**




## खबर संक्षेप

### पाक्सो मामले में आरोप सिद्ध, 20 साल का सश्रम कारावास

**लाटाबोड़।** कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बालोद ने 3 साल 10 माह की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप सिद्ध होने पर एक व्यक्ति को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र का है।

### प्रकाशित हुई मतदाता की पहली सूची

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा जिले के जनपद पंचायत बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी के निर्वाचन क्षेत्रों का विभाजन कर प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि जनपद पंचायत बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति 04 नवंबर तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में कार्यालयीन अवधि में प्रस्तुत की जा सकती है।

### तालाब में फंसकर युवक की मौत, मर्ग कायम

**भिलाई।** तालाब में डूबकर युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रानीसागर तालाब में डूबने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक तालाब के दलदल में फंसकर मदद के लिए चिल्ला रहा था, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसकी आवाज को कोई भी नहीं सुन पाया। सुबह एसडीआरएफ की टीम ने युवक का खोजकर तालाब के बाहर निकाला। घटना शनिवार शाम 6.30 बजे अंजोरा के कुछ लोगों ने फोन किया था। रानी सागर तालाब में युवक के डूबने की जानकारी मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन काफी अंधेरा होने के कारण पुलिस युवक तक नहीं पहुंच पाई। युवक अपनी जान बचाने की गुहार लगाते हुए मौत हो गई।

### हत्या के आरोपी पकड़ से बाहर, घेरा थाना

**भिलाई।** परेश्वर निर्मलकर के हत्या से नाराज लोगों ने शव को लेकर नोहन नगर थाने पहुचे थे. इस दौरान परिजनों ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर प्रदर्शन कर रहे थे। शनिवार को दिनदहाड़े शांतिनगर दुर्ग में हुए हत्याकांड के 24 घंटा बीतने के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। नाराज मृतक के परिजन और बस्ती के लोगों ने रविवार की सुबह मृतक परमेश्वर के शव का पीएम होने के बाद परिजनों ने शव वाहन लेकर मोहननगर थाना पहुंचे थे। प्रदर्शन करने वालो को पुलिस_धिकारियों ने समझाइश देकर शांत कराया।

---

**कार्रवाई : दीपावली त्योहार पर व्यवस्था बनाने जुटी पुलिस**

# यातायात नियमों का उल्लंघन करते फंसे 72 वाहन चालकों से 27 हजार की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दीपावली पर्व के मद्देनजर लापरवाह वाहन चालकों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। विगत दो दिनों में 72 चालकों पर 27400 का चालानी कार्रवाई की गई। नो एन्ट्री एवं नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले 6 चालकों पर 5700रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने निर्धारित स्थलों पर ह पार्किंग करने, यातायात नियमों का पालन करने अपील की है।

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर बालोद शहर में यातायात व्यवस्था, बाजार व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। यातायात बालोद एवं सिटी कोतवाली बालोद द्वारा शहर में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। सदर बाजार एवं व्यस्तम मार्ग पर प्रवेश करने वाले सभी स्थानों में यातायात अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। पूर्व में 17 अक्टूबर को यातायात कार्यालय बालोद में व्यापारी संघ, दुकानदारों की बैठक ली गई थी। इसमें बालोद शहर के वयस्तम मार्ग जैसे घड़ी चौक से सदर बाजार, बुधवारी बाजार एवं मधुचौक में मालवाहक वाहनों के प्रवेश समय प्रातः 10.30 बजे से रात्रि 08.30 बजे तक निषेध किया गया है। शहर के सी मार्ट, बाल मंदिर स्कूल, कन्या शाला स्कूल, पुराना नगर पालिका में दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है। विगत दो दिनों से बालोद शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 72 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर 27400 रूपए समन शुल्क वसूल किया गया है। बालोद शहर के नो एन्ट्री एवं नो पार्किंग में खड़े करने वाले 06 वाहन चालकों पर 5700 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई है। साथ की शहर के व्यस्तम मार्ग जैसे घड़ी चौक, क्लाडियस क्लीनिक के पास, बुधवारी बजार, हलधर चौक, मधु चौक जयस्तंभ चौक में यातायात अधिकारी कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई जा रही है। सदर बाजार क्षेत्र में चारपहिया वाहन के प्रवेश को निषेध किया गया है एवं अवैधनिक रूप से नो पर्किंग में वाहन खड़ी करने वाले वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है।

### नो पार्किंग में खड़े 6 वाहनों पर कार्रवाई 5700 रुपए का लगाया जुर्माना



### निर्धारित स्थानों पर ही पार्किंग की अपील

पुलिस प्रशासन बालोद द्वारा अपील की गई है कि वाहन चालक निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही अपने वाहनों की पार्किंग करें। इसके साथ ही व्यापारियों, दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से सामान फैलाकर व्यवसाय नहीं करने को कहा गया है। साथ ही उनसे कहा गया है कि अपनी दुकानों के सामने पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रखें। यातायात नियमों का पालन करें, व्यवस्थित रूप से वाहनों की पार्किंग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न दें, संयमित गति से वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाएं।

---



# दिवाली मनाने घर लौट रहे लोग, ट्रेन व बसों में



**बालोद।** जिले में दीपावली का असर बाजार में खरीदारी के साथ ही परिवहन के साधनों में भी देखने को मिल रहा है, जहां दूसरे दूर दराज में काम करने वाले लोग दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए अपने घरों में लौटने लगे हैं, जिसके कारण यात्री बसों से लेकर ट्रेनों में खचाखच भीड़ देखने को मिल रही है।

जिले या राज्य से बाहर लोग अपने घरों से दूर रहकर रोजी मजदूरी या काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं और बाहर रहने वाले व्यक्ति का सपना रहता है कि वह दीपावली का त्यौहार अपने परिवार के साथ घर में खुशी के साथ मनाए। जिसके कारण लोग अन्य त्यौहारों में तो घर आने के लिए सोचते हैं, लेकिन दीपावली का त्यौहार बाहर रहने वाले लोगों को घर आने के लिए उत्साहित कर देता है। जिसके कारण जिले में यात्री बसों के साथ ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। जहां लोग एक माह पहले ही ट्रेनों की टिकट के साथ अन्य साधनों के माध्यम से घर आने की योजनाएं बनाते हैं, लेकिन दीपावली के त्यौहार में ट्रेन का टिकट नहीं मिल पाने से यात्री बसों का सहारा लेना पड़ता है। वहीं, कुछ लोगों को स्वयं से निजी वाहन बुक कर घर आना पड़ रहा है।

---

# स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बनाई पूजा सामग्री, बाजारों में अच्छी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत स्व–सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न पूजन सामग्री दीया, नारियल कलश, श्री, स्वास्तिक, शुभ–लाभ, कछुआ दीया, गुल्लक, मोमबत्ती, रंगोली, अगरबत्ती, ग्वालिन बनाकर विक्रय कर रही हैं। इन सामग्रियों को प्रमुखतः महिला कमांडो समूह ग्राम खर्रा एवं भारत मां समूह सिरसिदा विकासखंड गुण्डरदेही, जय तुलसी समूह ग्राम अरौद एवं प्रेरणा समूह नेवारीकला विकासखंड बालोद, जागृति स्व–सहायता समूह अरकार, एवं दुर्गा स्व–सहायता समूह कंवर, विकासखंड गुरूर की 08 स्व–सहायता समूह की 27 महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा है।

> ■ स्थानीय बाजारों के अलावा दूसरे जिलों में भी हो रही है बिक्री

इनके द्वारा 40 हजार नग विभिन्न प्रकार के दीये एवं अगरबत्ती आदि सहित 8 लाख रूपए की पूजन सामग्री का निर्माण किया गया है। जिसका विक्रय स्थानीय बाजार, फुटकर व्यापारियों, जिलों एवं विभिन्न शहरों में किया जा रहा है। दिनांक 12 से 19 अक्टूबर, तक आयोजित क्षेत्रीय सरस मेला बस्तर में स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री यथा चिक्की, बेर आचार, महुआ लड्डू, चावल पापड़, बड़ी, जिमीकंद आचार, हैंडलूम, गोबर से बने दिये एवं पूजन सामग्री, मिट्टी से बने दिये, अगरबत्ती से राशि 4.41 लाख रू. का सामग्री विक्रय किया गया है। इनमें पूजन सामग्री प्रमुख है। विकासखंड डौंडी, ग्राम पंचायत कोटागांव नवदीप स्व–सहायता समूह की सक्रिय महिला प्रेमबती बताती है कि इनके द्वारा इस दिवाली के अवसर पर 4000 नग गोबर दिया, अगरबत्ती, पूजन सामग्री एवं मोमबत्ती बनाकर विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं स्थानीय बाजारों में राशि 32,000 रूपए की सामग्री का विक्रय किया गया है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन की ओर अग्रसर हुई हैं।






### अधिकारियों ने किया स्टाल का निरीक्षण

सोमवार को जिला पंचायत बालोद कार्यालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न निर्मित सामग्रियों की विक्रय के लिए स्टॉल लगाया गया, जिसमें डॉ. संजय कन्नौजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद द्वारा विभिन्न सामग्रियों का निरीक्षण कर उसका उत्साह वर्धन करते हुए स्व–सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही साथ महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री की विक्रय हेतु स्थानीय बाजार, फुटकर व्यापारियों, जिलों एवं विभिन्न शहरों में विक्रय करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के नागरिको से जिला प्रशासन द्वारा कुम्हारों एवं स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे मिट्टी एवं गोबर से बने पूजन सामग्रियों का अधिक से अधिक क्रय करने की अपील की गई।

---

# नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के शरद काव्योत्सव में कवियों ने दी शानदार प्रस्तुति

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के तत्वावधान में शरद काव्योत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न जिलों से आमंत्रित शिक्षक कवियों ने अपनी मौलिक रचनाओं का पाठ कर गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।



काव्योत्सव के स्वागत उद्बोधन में एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू, बी यदु नगरी, मोहित कुमार शर्मा पाटन, गायत्री साहू, डा सुधा शर्मा मुंगेली, हिम कल्याणी सिन्हा बेमेतरा, प्रतिभा त्रिपाठी, द्रौपदी साहू महासमुंद, मीरा भट्टाचार्य बेमेतरा, कमलेश देवरी ने कविता प्रस्तुत की। शरद काव्योत्सव का संचालन हर्षा देवांगन तथा आभार प्रदर्शन एनटीसीएफ सचिव कैशरीन बेग ने गजल की प्रस्तुति के साथ किया। फाउंडेशन के सदस्य धर्मेंद्र कुमार श्रवण, लिली पुष्पा एक्का, मुनमुन सिन्हा, सुमा मंडल, रामकुमार प्रजापति ने भी काव्योत्सव में शामिल होकर काव्यपाठ किया।







---

# गांव की स्वच्छता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही हैं स्वच्छाग्रही महिलाएं



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम चिल्हाटी कला में स्वच्छाग्रही महिलाओं ने सप्ताह के दो दिन रविवार और बुधवार को स्वच्छता दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत वे लगातार गाँव के गली, पारा, मोहल्ला, चौराहों तथा बाजार के मैदान सहित घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग कर सरकार द्वारा प्रदान किए गए नक्शे द्वारा संग्रहित कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाती हैं। इस कार्य को करने में महिलाएं खुशी का अनुभव करती हैं। सुखमीन बाई ने कहा कि गाँव गलियों में कचरा करना तो आसान है पर उसे साफ करना मुश्किल है। जिस प्रकार लोग मंदिर में पूजा करने जाते हैं और फूल दूब पत्ती चढ़ा तो देते हैं, पर सफाई तो पुजारी द्वारा की जाती है। ठीक उसी प्रकार सामूहिक भोज किया जाता है, जिसमें पत्तल में व्यंजन व भोजन परोसा जाता है, लेकिन उन सबकी सफाई करने वाला ही महान होता है। ऐसा महान सोच रखकर काम करने वाली महिलाएं लोगों को संदेश देकर सरकार की महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाने में तन-मन से कार्य कर लोगों को जागरूक कर रही है तथा लोगों को संदेश दे रही हैं।

स्वच्छता ही हमारी जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गाँव स्वच्छ रहेगा, तब हम और हमारा परिवार स्वच्छ रहेगा। हमारा राष्ट्र और राष्ट्र के रहने वाले लोग स्वस्थ व मजबूत होंगे।

---



# अंचल में सुआ गीत और नृत्य की धूम

**जामगांव आर।** स्कूलों में दीपावली की छुट्टियां लग गई हैं। ऐसे में स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाएं इन दिनों पारंपरिक सुआ नृत्य की प्रस्तुति देती नजर आ रही हैं। सुआ नाचने के लिए घरों में बालिकाओं के पहुंचने पर लगता है कि अब दीपावली आ गई। साड़ी और रंगीन परिधान में बच्चियां घर-घर जाकर सुआ नृत्य की प्रस्तुति दे रही हैं।



दीपोत्सव के साथ छत्तीसगढ़ में सुवा नृत्य और राउत नाचा खास हो जाता है। समय के संग संग बच्चे और युवा संस्कृति के रंग में रंगते चले जाते हैं जिसकी झलक इन दिनों देखने को मिल रही है। सुआ नृत्य के बाद घर वालों द्वारा बिस्कुट, चॉकलेट या पैसे देकर उन्हें बिदा किया जाता है, जिससे बच्चे आनंदित होकर दूसरे घर की ओर रुख करते हैं। प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन के पूर्व सांस्कृतिक सचिव सौरभ राठी ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के दौर में छोटी-छोटी बच्चियां साड़ी पहनकर घर-घर जाकर छत्तीसगढ़ महतारी का मनमोहक संदेश सुआ नृत्य के माध्यम से दे रही हैं। यह निश्चित ही प्रशंसनीय है।



खबर संक्षेप

## ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा 4 से



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा (आरा मशीन) मोहल्लावासी एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण कथा 4 नवंबर से रखी गई है। प्रवननकर्ता भगवताचार्य बालव्यास पं. सौरभ शर्मा (बाबू महाराज) अरमरीकला वाले महाराज होंगे। प्रतिदिन सुबह 09 बजे पार्थिव शिवलिंग पूजा कथा क्रम उत्सव दोपहर 01 बजे से शिव इच्छा तक 04 नवम्बर सोमवार कलश यात्रा, शिवमहापुराण महात्म, चंचुला कथा, 5 नवम्बर मंगलवार नारद मोह, कुबेर पूर्ण चरित्र, शिवलिंग, 6 नवम्बर बुधवार सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर गुरूवार सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह,दिनांक 08 नवम्बर को राम जन्म, भस्मासुर कथा सुनाई जाएगी। 9 नवम्बर को निवार गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगा दिनांक 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

आयोजन : मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में हुई कार्यशाला

# अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पहले आदिवासियों ने फूंक दिया था क्रांति का बिगुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर वक्ताओं ने दी राय

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत एवं उनके ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोण्डवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हल्बा समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक एवं सहवक्ता वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र व समाज पर जब भी विपत्ति आई है आदिवासी समाज के लोगों ने उन विषम परिस्थितियों में देशवासियों के साथ मिलकर उन चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास का यदि गंभीरता से छीद्रान्वेषण किया जाए तो देश में फिरंगियों के विरूद्ध स्वाधीनता संग्राम का बिगुल आदिवासियों ने ही फूंका। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति के पूर्व झारखंड में तिलका मांझी एवं छत्तीसगढ़ में परलकोट के जमींदार शहीद गैंदसिंह नायक जैसे अमर शहीदों ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का शंखनाद शुरू कर दिया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव ने भी जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास एवं राष्ट्र व समाज के लिए उनके सांस्कृतिक आध्यात्मिक योगदानों पर भी विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएस नायक ने स्वाधीनता संग्राम में समाज के नायकों के योगदान के संबंध में विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों को अद्वितीय एवं अप्रीतिम बताया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह के सहवक्ता वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, सांस्कृतिक विरासत, स्वाधीनता आंदोलन में उनका योगदान, उनके स्वभावगत विशेषता, राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदानों के संबंध में बहुत ही रोचक एवं प्रेरणास्पद जानकारी दी।





### उत्कृष्ट कलाकारों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर आधारित रंगोली एवं निबंध आदि प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रमोद कुमार भारती एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रामेश्वर प्रसाद ठाकुर ने किया।

# शासकीय महाविद्यालय बेलोदी में विद्यार्थियों ने किया दीपदान



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय महाविद्यालय बेलोदी में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल साहू थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल. ठाकुर ने की। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने माँ लक्ष्मी एवं सरस्वती की आरती कर पूरे महाविद्यालय में दीपदान किया। इससे पूरा महाविद्यालय दीपों की रौशनी से जगमगा उठा। पूजा-अर्चना के बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के पारम्परिक लोक गीत सुआ गीत पर मनभावन नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पींपल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना, भंगदर एवं फिस्टूला का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

# पीएम श्री स्कूल में हुआ सुआ गीत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर, संकुल केंद्र विनायकपुर में दीपावली पूर्व सुआगीत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोर कुमार दिल्लीवार संकुल समन्वयक, टीकेन्द्र चन्द्राकर प्रधान पाठक, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, खिलेन्द्र यादव के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। सबसे पहले त्रैमासिक आकलन 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने वालों बच्चों को पुरस्कृत किया गया। शाला के अध्ययनरत कक्षा 1-5 तक के बच्चों ने पारंपरिक सुआ गीत, राऊत नाचा की छत्तीसगढ़िया विधा को जीवंत कर दिया। उक्त अवसर पर किशोर दिल्लीवार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से भी बच्चों में दक्षता का विकास संभव है। प्राथमिक शाला विनायकपुर के प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर एवं सभी शिक्षकों के विशेष प्रयास से प्राथमिक शाला को समुदाय से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। सुआ गीत महोत्सव के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत सहयोगकर्ताओं का सम्मान ज्ञापित किया गया।






